(20)

मूल वाद में डिक्री
(आदेश 20, नियम 6–7, जाब्ता दीवानी)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर टिब्बी

पीठासीन अधिकारी :– स्वाति गुप्ता आर.ए.एस.
राजस्व वाद संख्या :–278/2024

1. श्योपतराम पुत्र नत्थूराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी मिर्जावाली मेर तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ।
2. सीताराम पुत्र नत्थूराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी मिर्जावाली मेर तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ।

– – वादीगण

बनाम

1. नत्थूराम पुत्र मनफुलराम जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी मिर्जावाली मेर तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ।
2. कलावती पुत्री नत्थूराम पत्नी सन्दीप कुमार जाति कुम्हार (प्रजापति)निवासी खोडा तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ।
3. चन्द्रकला पुत्री नत्थूराम पत्नी सुशील कुमार जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी भूकरका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
4. अन्जू पुत्री नत्थूराम पत्नी सन्दीप जाति कुम्हार (प्रजापति) निवासी मक्कासर तहसील व जिला हनुमानगढ।
5. तहसीलदार (राजस्व) टिब्बी।

– – प्रतिवादीगण

दावा अन्तर्गत धारा 88, 53 आर.टी.ए.घोषणा, खाता विभाजन

डिक्री

दिनांक :– 04:09:2024

वादीगण की ओर से श्री महेश गौड अधिवक्ता की व प्रतिवादीगण की ओर से श्री सुनील कुमार की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 04:09:2024 को स्वाति गुप्ता आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी टिब्बी के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर, आदेश किया जाता है और डिक्री दी जाती है कि

(क).वादी संख्या 1 श्योपतराम पुत्र नत्थूराम को प्राप्त आराजी :– चक नम्बर 5 बी.आर.एन. के पत्थर नम्बर 210/379(1) किला नम्बर 16/1/0.241, 17, 18, 19/0.759 हैक्टर, पत्थर नम्बर 204/381(14) किला नम्बर 11/2/0.165, 12/1/0.190, 19/0.253, 202/0.229, 21/2/0.228, 22/0.253, पत्थर नम्बर 204/382(30) किला नम्बर 1/3/0.075 हैक्टर।

(ख).वादी संख्या 2 सीताराम पुत्र नत्थूराम को प्राप्त आराजी:– चक नम्बर 5 बी.आर.एन. के पत्थर नम्बर 204/380(11) किला नम्बर 21/2/0.228, पत्थर नम्बर 204/381(14) किला नम्बर 1/2/0.228, 2, 9/0.506, 10/2/0.228, 11/2/0.063 पूर्व से पश्चिम, 12/2/0.063 हैक्टर पूर्व से पश्चिम।

चक नम्बर 4 बी.आर.एन. के खाता संख्या 28/30 में अंकित नत्थूराम के नाम की 1.324 हैक्टर कमाण्ड आराजी।

उपरोक्त अनुसार खातेदार काश्तकार घोषित किये जाकर उपरोक्त अनुसार वादीगण की आराजी का खाता तकसीम कर मुताबिक तकसीम रकम राज अलग से कायम करने तथा चक नम्बर 4 बी.आर.एन. के खाता संख्या 28/30 में से प्रतिवादी संख्या 1 नत्थूराम का नाम कलमजन किये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार (राजस्व) टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि उक्त वर्णित भूमि समस्त प्रकार से भार मुक्त होनें की स्थिति में उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन

Scanned with OKEN Scanner

75

किया जाकर लगान कायम किया जावे। भूमि की किस्म (यथा नहरी / बारानी / गैरमुमकिन) पूर्वानुसार ही रहेगी जिसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जावेगा।
खर्चा फरीकैन अपना-अपना वहन करेंगे। यह डिक्री आज दिनांक 04.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

मुहर

(स्वाति गुप्ता)
उपखण्ड अधिकारी एवम्
पदेन सहायक कलक्टर
टिब्बी

वाद के खर्चे

वादी	रुपया	प्रतिवादी	रुपया
वाद पत्र के लिये स्टाम्प	---	शक्ति पत्र के लिये स्टाम्प	---
शक्ति पत्र के लिये स्टाम्प	---	अर्जी के लिये स्टाम्प	---
प्रदर्शो के लिये स्टाम्प	---	प्लीडर की फीस	---
रुपये पर प्लीडर की फीस	---	साक्षियों के लिये निर्वाह भता	---
साक्षियों के लिये निर्वाह भता	---	आदेशिका की तामिल	---
कमिश्नर की फीस	---	कमिश्नर की फीस	---
आदेशिका की तामिल	---		
योग	---	योग	---